Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-03-2006
Participants : Khanna Shri Avinash Rai

>

Title : Problems being faced by the families affected due to terrorism in Punjab.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान पंजाब में आतंक वाद से पीड़ित उन 3700 परिवारों की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो 1986 और 1987 में दिल्ली में आकर रहने लगे थे। सरकार ने उनके लिए एक योजना बनाई कि प्रति व्यक्ति को 300 रुपए प्रतिमाह और अधिकतम 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। अफसोस की बात है कि 1997 से वह पेंशन उन पीड़ित परिवारों को नहीं मिल रही है, बंद कर दी गई है। मैं कल दिल्ली के गोविंद पुरी क्षेत्र का दौरा करके आया हूं, जहां पर ऐसे करीब 70 परिवार 11-11 गज के प्लाट पर मकान बनाकर रह रहे हैं। उनके ऊपर भी डीडीए की डिमोलिशन की गाज गिराई गई है और उनके मकानों को गिराने के नोटिस आ चुके हैं। मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि जब तक उन लोगों को फ्लैट या मकान न दे दिए जाएं, तब तक उन लोगों को वहां से न हटाया जाए। इसके अलावा मेरी केन्द्र सरकार से यह भी मांग है कि पंजाब में आतंकवाद से पीड़ित ये जो परिवार दिल्ली में आए हैं, इन्हें वापस पंजाब में अच्छी तरह से सैटल करने का प्रयास किया जाए और उनके बच्चों को नौकरी या जो रोजगार वे कर रहे थे, उसके लिए वित्तीय मदद मुहैया कराई जाए। इसके साथ ही आतंकवाद से पीड़ित परिवारों को जो सुविधा मिलती है, वह इन्हें भी मिलनी चाहिए।